an>

Title: Need to construct Road Under-Pass/ Road Over Bridge by Railways in Shrawasti Constituency of Uttar Pradesh.

श्री दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती) : अध्यक्ष महोदया, हमारा शून्य काल रेल से संबंधित है, इसलिए अपनी मांग रखने से पहले मैं माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु और माननीय रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा का आभार व्यक्त करना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने हमारे श्रावस्ती वासियों को रेल से जोड़कर बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने श्रावस्ती वासियों के सपने को पूरा करने का जो काम किया है, उसके सामने मेरी बहुत छोटी सी मांग है। अब तक के रेल बजट के इतिहास में माननीय रेल मंत्री जी ने पिछले रेल बजट में लगभग एक हजार आरओबी/आरयूबी का निर्माण करने का प्रावधान किया था। हमारे पूरे संसदीय क्षेत्र में एकमात्र रेल लाइन गोंडा-बढ़नी है, जो अब तक लूप लाइन है। विगत 22 नवम्बर को दोनों मंत्रियों ने उसका ब्राडगेज के रूप में लोकार्पण किया है, लेकिन लूप लाइन के समय संपर्क फाटक, रेलवे क्रासिंग वगैरह को बंद कर दिया गया है। हमने पांच आरओबी/आरयूबी की मांग की थी, लेकिन एक भी आरओबी/आरयूबी नहीं मिला। हमारे विशेÂा आग्रह पर माननीय रेल राज्य मंत्री जी ने एक मांग स्वीकृत की लेकिन बाकी चार मांगें अभी भी चल रही हैं। पहले जब लूप लाइन चल रही थी तो उस पर संपर्क फाटक या रेलवे क्रासिंग के माध्यम से लोग इस पार से उस पार जा रहे थे। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी है। आप इतना लंबा-चौड़ा मत कहिए।

श्री दद्दन मिश्रा: अध्यक्ष महोदया, उसे अब बंद कर दिया गया है। मैं माननीय मंत्री जी से चार आरओबी/आरयूबी की मांग करना चाहता हूं। पहला, झारखंडी गैंजहवां रेलवे स्टेशन के बीच में किलोमीटर 151 पर एक आरओबी/आरयूबी बनाया जाये। इससे 50 गांव के लोग प्रभावित हैं क्योंकि उन्हें 50 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है।

दूसरा, पुल संख्या 149 के निकट कि.मी. 170/10 पर एक आरओबी/आरयूबी बनाया जाये। यह बहुत पुरानी मांग है। तुलसीपुर और तैंबुड़वा स्टेशन के बीच में मानिकौरा काशीराम गांव में नहर समपार गेट बना हुआ था, जिसे बंद कर दिया गया है। इसी तरह से बकौली डालपुर के करीब कि.मी. 135/6-7 रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया गया है। मैं मांग करता हूं कि उक्त जगहों पर आरओबी/आरयूबी बनाया जाये। मैं मांग करता हूं कि विगत आवागमन जो चल रहा था, आरओबी बनवाकर सुचारु रूप से चलाया जाए।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दद्दन मिश्रा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।